
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 199 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



कंजूस अपना धन छोड़-छोड़ कर दूसरों को छोड़ जाता है, उससे बड़ा दानी कौन होगा।

Who will be a greater donor than a miser who accumulating wealth leaver it for others?

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## सशक्त और विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में बढ़ रहे आगे : मुख्यमंत्री

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खुली विकास की नई राह जल्द ही नक्सल आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा बस्तर




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री साय ने गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरवशाली है। आज हम देश के गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। इसके पीछे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाई, उन संविधान निर्माताओं का योगदान है, जिन्होंने इस संविधान के माध्यम से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। उन विभूतियों का योगदान है, जो संविधान की रक्षा के लिए हमेशा डटे रहे तथा संविधान के मूल्यों पर चलकर अंत्योदय का कल्याण करते रहे। नक्सलवाद से लड़ते हुए देश की एकता और अखण्डता के लिए अनेक जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, ताकि हम सुरक्षित रह सकें और समाज में शांति स्थापित हो सके। इन जवानों की शहादत को मैं शत्-शत् नमन करता हूं।

भारत की आजादी की यात्रा के साथ ही दुनिया के अनेक देशों ने भी अपनी स्वतंत्रता की यात्रा प्रारंभ की, लेकिन इनमें से कई देशों में शासन व्यवस्था पटरी से उतर गई



## गृहमंत्री अमित शाह ने संतों संग कुंभ में लगाई डुबकी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को सपरिवार प्रयागराज पहुंचे और संगम तट पर डुबकी लगाई। जिस समय अमित शाह ने डुबकी लगाई, उस समय योग गुरु बाबा रामदेव, अवधेशानंद गिरी महाराज और कैलाशानंद जी महाराज भी साथ रहे। इसके बाद शाह ने सपत्नीक गंगा तट पर पूजा की। बेटे जय शाह भी साथ रहे। अमित शाह के पोते को भी संतों ने आशीर्वाद दिया। नई दिल्ली से प्रयागराज के लिए रवाना होने से पहले अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट लिखा- महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ समरसता पर आधारित हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दर्शाता है। आज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।

## राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस समारोह में वीरता शौर्य एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए पद अलंकरण से किया सम्मानित




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पद अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने 15 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस वीरता पदक 2024 से अलंकृत किया।

निरिक्षक शिशुपाल सिन्हा, निरिक्षक निर्मल जांगड़े जिला कांकेर, सहायक उप निरिक्षक गोपाल बोड्डु जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक एमैया चिलमुल जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक प्रफुल्ला गोपाल जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक तुलाराम कुहरामी जिला बीजापुर, आरक्षक हेमन्त एण्ड्रिक जिला बीजापुर, आरक्षक मोती लाल राठौर जिला बीजापुर, आरक्षक गोविन्द सोढ़ी जिला बीजापुर, आरक्षक सुकारू राम जिला बीजपुर, आरक्षक मुन्ना राम कड़ती जिला बीजापुर, आरक्षक कृष्णा गाली 19 पोखरण वाहिनी छसबल, करनपुर जिला जगदलपुर, आरक्षक भीमा राम बेड़ता जिला बीजापुर, आरक्षक धनीराम कोरसा जिला बीजापुर, आरक्षक कृष्णा ताती जिला बीजापुर को पुलिस वीरता पदक से अलंकृत किया गया। इसके अलावा आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी पीटीसी, बोरगांव विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति का पुलिस पदक दिया गया।

## तकनीक-आधारित स्टील निर्माण को बढ़ावा देने के लिए जिन्दल स्टील

### रायगढ़ प्लांट में दो दिवसीय जेएसपी टेक-कैटलिस्ट 2025 का आगाज




**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने रायगढ़ प्लांट में तकनीक-आधारित स्टील निर्माण को बढ़ावा देने के लिए जेएसपी टेक-कैटलिस्ट 2025 का भव्य आयोजन किया है। सोमवार से शुरू हुआ यह दो दिवसीय सम्मेलन और प्रदर्शनी स्टील निर्माण के भविष्य को आकार देने में आधुनिक तकनीक की भूमिका पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक अग्रणी कंपनियां भाग ले रही हैं, जिसमें दुनिया भर से 175 प्रतिनिधि और 60 से अधिक विशेषज्ञों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

आयोजन में मैकिंजी, सैप, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज, मेटसो, रॉकवेल और एसएमएस ग्रुप सहित दुनियाभर की नामचीन कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्विन्स, आईओटी, रोबोटिक्स, एआर/वीआर और ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक तकनीक की 25 लाइव प्रदर्शनी भी लगाई गई है। साथ ही कार्यबल सशक्तिकरण, ग्रीन स्टील इनोवेशन और सप्लाई चेन ऑप्टिमाइजेशन जैसे विषयों पर केंद्रित विशेष सत्रों का आयोजन भी किया जा रहा है। सोमवार को आयोजन का उद्घाटन जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग आज एक ऐसे मोड़ पर है, जहां आधुनिक तकनीक, चुनौतियों को हल करने और दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जेएसपी में हम अपनी कार्य प्रथाओं और प्रक्रियाओं में एआई, आईओटी, और डिजिटल ट्विन्स जैसी उन्नत तकनीक को शामिल कर रहे हैं। टेक-कैटलिस्ट हमारे इंजीनियरों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे इन तकनीकों को समझ सकते हैं और उन्हें स्मार्ट व ग्रीन स्टील निर्माण के लिए प्रयोग में ला सकते हैं। जेएसपी टेक-कैटलिस्ट 2025 की शुरुआत मैकिंजी के वरिष्ठ साझेदार रजत गुप्ता ने विश्व स्तर पर तकनीक के विकास पर प्रकाश डालते हुए की। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने संबोधित किया। इसमें आयरनएज- स्टील निर्माण की नई पहल विषय पर प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज, एसएमएस ग्रुप और मेटसो के वक्ताओं ने भाग लिया। ग्रीनफोर्ज- सस्टेनेबल स्टील मेकिंग में इनोवेशन, विषय पर आयोजित सत्र में हाइड्रोजन और सीसीयूएस तकनीकों पर चर्चा हुई। वर्कफोर्सएक्स- भविष्य के स्टील निर्माताओं को सशक्त बनाना, सैप, माइक्रोसॉफ्ट और डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज के विशेषज्ञों ने इस सत्र में अपने विचार रखे। जेएसपी टेक-कैटलिस्ट 2025 को इस तरह तैयार किया गया है कि जेएसपी के इंजीनियर इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों के व्यावहारिक इस्तेमाल और नवीनतम इनोवेशन के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त कर सके।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी की अधिसूचना का किया अनावरण

### सीएम धामी ने यूसीसी पोर्टल ucc.uk.gov.in का शुभारंभ और यूसीसी नियमावली बुकलेट का किया विमोचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में आज मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत तौर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अधिसूचना का अनावरण, यूसीसी पोर्टल ucc.uk.gov.in का शुभारंभ और यूसीसी नियमावली बुकलेट का विमोचन किया। यूसीसी पोर्टल पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अपने विवाह का पहला पंजीकरण कराया, जिसका प्रमाणपत्र मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूसीसी के तहत सर्वप्रथम पंजीकरण कराने वाले पांच आवेदकों को भी प्रमाणपत्र प्रदान किए।




मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तय करने के लिए विशेषज्ञ कमेटी ने 2.35 लाख लोगों से सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू करके राज्य सरकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आम्बेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को सच्ची भावांजलि दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बेहद भावुक होकर सवा करोड़ उत्तराखण्डवासियों के सामने समान नागरिक संहिता पूर्ण रूप से लागू करने की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में यूसीसी लागू हो पाई है, इसके लिए उन्होंने सभी उत्तराखण्डवासियों की ओर से प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यूसीसी जाति, धर्म, लिंग के आधार पर कानूनी भेदभाव समाप्त करने का संवैधानिक उपाय है, इसके जरिए सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का प्रयास किया गया है। इसके जरिए महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिचित हो सकेगा। साथ ही हलाला, तीन तलाक, इद्दत जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगेगी। इसमें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत वर्णित अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। इससे उनके रीति रिवाजों का संरक्षण हो सकेगा। जिन पंजीकृत व्यक्तियों का विवाह यूसीसी के लागू होने से पूर्व पंजीकृत हुआ हो या तलाक की डिक्री घोषित हुई हो या विवाह निरस्त हुआ हो, उनसे पहले छह महीने में किसी भी तरह का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी किसी भी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है। यह समाज की कुप्रथाओं को मिटाकर, समानता से समरसता कायम करने का कानूनी प्रयास है। इसमें किसी की भी मूल मान्यताओं और प्रथाओं को नहीं बदला गया है। उन्होंने कहा कि विश्व के प्रमुख मुस्लिम और विकसित देशों में पहले से ही यूसीसी लागू है। इस कानून द्वारा सभी लोगों के लिए विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार के नियमों को समान किया गया है। सभी धर्म के लोग अपने अपने रीति रिवाजों से विवाह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी धर्मों में लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम उम्र 21 और लड़कियों के लिए 18 कर दी गई है। साथ ही पति या पत्नी के रहते दूसरे विवाह को प्रतिबंध किया गया है। समान नागरिक संहिता में बाल अधिकारों को संरक्षित किया गया है, साथ ही बेटियों को सम्पति में समान अधिकार दिए गए हैं। परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद न हो इसके लिए मृतक की सम्पत्ति में पत्नी, बच्चे और माता-पिता को समान अधिकार दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए, लिव इन के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, युगल की सूचना रजिस्ट्रार माता-पिता या अभिभावक को देगा। यह जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। लिव इन से पैदा बच्चों को भी समान अधिकार दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी को लागू करने के लिए सरलीकरण के मूल मंत्र पर चलते हुए, ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, साथ ही स्पष्ट नियमावली भी लागू कर दी गई है। पूरा ध्यान रखा गया है कि इसके लिए किसी भी नागरिक को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की है कि अब प्रदेश में प्रति वर्ष 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर को लेकर जितने भी संकल्प लिये गये थे, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे किये गये हैं।

इस अवसर पर यूसीसी नियमावली समिति के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी नियमावली के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सचिव श्री शैलेश बगोली ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायकगण, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, यूसीसी नियमावली समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह, प्रो. सुरेखा डंगवाल, मनू गौड़, अजय मिश्रा एवं शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।










उत्तराखण्ड शासन
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
INDIA
38 वें राष्ट्रीय खेल
उत्तराखंड 25
रजत जयंती वर्ष
संकल्प से शिखर तक
38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखण्ड
28 जनवरी-14 फरवरी, 2025
का
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
उद्घाटन
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
डॉ. मनसुख मांडविया
मंत्री, खेल, युवा मामले, श्रम एवं रोजगार
भारत सरकार
ऋतु खंडूड़ी भूषण
अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड विधानसभा
रक्षा निखिल खडसे
राज्य मंत्री, युवा मामले एवं खेल, भारत सरकार
रेखा आर्या
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखण्ड
डॉ. पी.टी. ऊषा
अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ एवं सांसद
क्रिस जेनकिंस
अध्यक्ष, राष्ट्रमंडल खेल
28 जनवरी, 2025 | सायं: 4 बजे | महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून
देवभूमि से खेलभूमि
• देहरादून, ऋषिकेश टिहरी, ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी, हरिद्वार, नई टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन
• देशभर के लगभग 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे
• 35 खेलों में प्रतियोगिताएं
• उत्तराखण्ड के लिए खेलों की मेजबानी का ऐतिहासिक अवसर
• युवाओं को प्रेरित करने के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा
• उत्तराखण्ड के खेल परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर
आकर्षण
• मौली (मैस्कट): युवा एथलीटों को ऊंचे लक्ष्य की ओर प्रेरित करने वाला उत्तराखण्ड का राज्य पक्षी मोनाल
• तेजस्विनी (मशाल): परंपरा, एकता और खेल भावना का प्रतीक
• पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल, पवनदीप राजन और पांडवास समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति
अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
www.38nguk.in
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
DD न्यूज़ पर देखें।
मौली (मैस्कट)
36 राज्य और 1 केन्द्र शासित प्रदेश, एक साथ दिखाएंगे अपनी प्रतिभा
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# एनएमडीसी, बचेली में गणतंत्र दिवस का आयोजन




**बचेली (विश्व परिवार)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने झंडा फहराया। इस अवसर पर परियोजना में स्थित विद्यालयों की ओर से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। सभी विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत समूह नृत्य और पीटी अर्थात शारीरिक अभ्यास प्रस्तुत किया। साथ ही महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना की विभिन्न सांस्कृतिक समितियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए।

मुख्य अतिथि बी. वेंकटेश्वरलु ने अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए एनएमडीसी बचेली की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में रविन्द्र नारायण, परियोजना प्रमुख(वर्क्स),पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), महेश नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक), श्रमिक संघों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागाध्यक्षगण एवं बचेली नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बिजली कर्मी देश व प्रदेश के विकास में भागीदार बनें : सुबोध सिंह

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा तथा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा तथा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने प्रदेश की सर्वांगीण प्रगति में बिजली से आए बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने आह्वान किया कि बिजलीकर्मी प्रदेश तथा देश के भावी विकास में भागीदार बनें।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा- हमारा महान संविधान, हमारे महान पुरखों के संघर्षों, उनकी प्रतिभा और दूरदर्शिता का प्रतीक है। लगभग दो सौ वर्षों की गुलामी के बाद, आजाद हुए देश को अपना संविधान बनाने में, मात्र दो वर्ष, ग्यारह माह, अठारह दिन का समय लगा था। जो अपने आप में दुनिया के इतिहास में सबसे विस्तृत, उदार व लोक कल्याणकारी संविधान साबित हुआ। इसलिए आज का अवसर हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और संविधान निर्माताओं को याद करने और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का भी है। श्री सिंह ने कहा- यह बहुत ही गौरव का विषय है कि आजादी की लड़ाई की तरह, संविधान के निर्माण में भी छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे प्रदेश की महान विभूतियां भी संविधान सभा की सदस्य रही हैं। आज संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के साथ मैं, उन सभी को सादर नमन करता हूं।

बिजली से समान अवसर- उन्होंने कहा- हमारा संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और समान अवसरों की सौगात देता है। आप सभी बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में काम करने वाले साथियों का योगदान भी, प्रत्येक नागरिक को बिजली की शक्ति से समान अधिकार और समान अवसर दिलाने के लिए दर्ज हुआ है। मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है कि प्रदेशवासियों को सुख, सुविधा और समृद्धि प्रदान करने में आप सभी बिजली कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है।

दूरदर्शिता से उत्पादन- श्री सिंह ने कहा- विकास के साथ बिजली की बढ़ती मांग एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ में उत्पादन, पारेषण और वितरण तीनों कंपनियों को साथ में मिलकर पर्याप्त, निरंतर और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति न्यूनतम संभावित दरों पर करने हेतु अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह करना है। राज्य को बिजली, हमारे बिजलीघरों के अलावा भी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध होती है। इसके बावजूद हमारी स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा दूरदर्शितापूर्वक भावी आवश्यकताओं का आकलन करते हुए नए बिजलीघरों की स्थापना हेतु समुचित प्रयास किए जा रहे हैं।

नए बिजलीघरों की स्थापना- श्री सिंह ने कहा- कोरबा पश्चिम में 1 हजार 320 मेगावॉट क्षमता के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के लिए प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत निविदा, प्रक्रिया में है। पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु एनटीपीसी, टिहरी हाइड्रो डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन तथा सतलज जल विद्युत निगम का सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए 5 स्थानों पर 7 हजार 300 मेगावॉट क्षमता की परियोजनाओं के डी.पी.आर. बनाने का कार्य प्रगति पर है।

# केंट इंटरनेशनल स्कूल में झीट में देशभक्ति गीतों पर छात्रो ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुरा महादेवघाट अमलेश्वर मार्ग में स्थित केंट इंटरनेशनल स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. सभी छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देशभक्ति गीतों में नृत्य का विशेष स्थान रहा। मुख्य अतिथि के रूप में श्री आदित्य कसार, विशेष अतिथि के रूप में हाजी मोहम्मद, अनीस रजा, मि. हकीम आर.आई, मोहम्मद नासीर खान उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्राचार्या सुश्री प्रतिभा पंड्या ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किय गया।

इसके साथ बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाल विद्यार्थियों एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## भिलाई में एरिया मैनेजर प्रभारी सुगंधा जिंदल ने ध्वजारोहण किया



**दुर्ग/भिलाई (विश्व परिवार)।** भिलाई में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में एरिया मैनेजर (एआरएम) प्रभारी, सुगंधा जिंदल ने ध्वजारोहण किया वह एरिया मैनेजर (एआरएम) भिलाई की प्रभारी हैं। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे में हर्षोल्लास मनाया गया। उसी के एक भाग के रूप में, एआरएम कार्यालय, भिलाई और रेलवे इंस्टीट्यूट, भिलाई में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुश्री सुगंधा जिंदल (आईआरटीएस'19), जो वर्तमान में एओएम रायपुर के रूप में तैनात हैं। समारोह में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, रेलवे सुरक्षा और रेलवे में खेल सुविधाओं को बढ़ाने पर चर्चा भी हुई।

## रायपुर कॉन्वेंट उ.मा. विद्यालय में राष्ट्रगान के गणतंत्र दिवस साथ धूमधाम से मनाया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रायपुर कॉन्वेंट उ.मा. विद्यालय गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, शिवानंद नगर गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। सभी छात्रों के जोश एवं उत्साह के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देश भक्ति गीतों एवं नृत्य का विशेष स्थान रहा हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सर्वश्री अनिल दुबे, छत्तीसगढ़ी समाज अध्यक्ष, श्री आशोक साहू, साहू समाज के अध्यक्ष, श्री न्यूजीत कसार (कसार फ्लैक्स), श्री कमल कसार (सचिव), श्री अनूपमन चंदानी (सिंधी समाज अध्यक्ष), श्री लीलाधर चन्द्राकर (पूर्व पार्षद- अमलीडीह, श्री राजेन्द्र जैन (भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष), डॉ मलिक एवं श्रीमती श्वेता वासनिक, श्रीमती रानी शर्मा, प्राचार्या गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर की प्राचार्या श्रीमती सुधा मिश्रा उपस्थित थे. गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रो की प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिसमें उपस्थित लोगो ने मिलकर गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया।

## प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन के मध्य खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच, प्रशासन एकादश बना विजेता



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में प्रशासन एकादश और पत्रकार इलेवन के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। मैच में दोनों टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें प्रशासन एकादश की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बना।विजेता एवं उप विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया गया। सर्व प्रथम प्रशासन एकादश टीम के कप्तान कलेक्टर दीपक सोनी एवं पत्रकार इलेवन टीम के कप्तान नीरज बाजपेयी के समक्ष एक रुपये के सिक्के से टॉस किया गया। टॉस जीत कर प्रशासन एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी चुना और निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 140 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकार इलेवन की टीम ने भी बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन निर्धारित 10 ओवर में 79 रन ही बना सके। इस तरह से प्रशासन एकादश 62 रन से विजयी हुआ।

# एनटीपीसी नया रायपुर ने देशभक्ति के जोश के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी नया रायपुर ने 26 जनवरी, 2025 को देशभक्ति के जोश के साथ 76वां गणतंत्र दिवस धुम धाम से मनाया। अपने कार्यालय परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पी के मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (डब्ल्यूआर-द्वद्व और ऐश एनआई), एनटीपीसी ने तिरंगा फहराया। सभा को संबोधित करते हुए, श्री मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के महत्व और देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान पर बात की। उन्होंने एनटीपीसी की हाल की उपलब्धियां और आगे के अवसरों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण के अनुकूल बिजली उत्पादन के साथ-साथ विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली आपूर्ति में एनटीपीसी के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने संयंत्र के प्रदर्शन, परियोजना निष्पादन, नई पहल और पुरस्कार और मान्यता प्राप्त करने में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र- द्वद्व स्टेशनों (छत्तीसगढ़ में लारा, सीपत और कोरबा; और मध्य प्रदेश में गाडरवारा और खरगोन) की भी सराहना की।

श्री मिश्रा ने यूएसएससी, ऐश न्यू इनिशिएटिव, सुरक्षा, संचालन सेवाएं, वाणिज्यिक, स्टेशन इंजीनियरिंग, मानव संसाधन, सीएसआर और अन्य विभागों के क्षेत्रों में एनटीपीसी नवा रायपुर कार्यालय की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। बाद में, सभी ने प्रतीकात्मक रूप से तिरंगे गुब्बारे छोड़े। गणतंत्र दिवस समारोह में अर्पिता महिला समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा गया, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी पुरस्कार से सन्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा, मेधा प्रतियोगिता, पावर क्विज, सतर्कता जागरूकता सप्ताह और स्वच्छता ही सेवा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं के बीच पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अर्पिता महिला समिति की अध्यक्ष और पदाधिकारी आयशा मिश्रा; यूएसएससी के ईडी यूएच गोखे; सीजीएम, जीएम, अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन मनोरंजक खेलों और अन्य खेल गतिविधियों के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# भाजपा : मीनल चौबे को सक्रियता का मिला इनाम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सूबे में सबसे अहम माना जाता है राजधानी रायपुर का महापौर पद, भाजपा ने जैसे ही श्रीमती मीनल चौबे का नाम घोषित किया, बधाईयों का सिलसिला चल पड़ा। वैसे भी वे दावेदारों की दौड़ में वे सबसे आगे चल रही थीं। स्कूल-कालेजों में होने वाली डिबेट स्पर्धाओं में वह अच्छे-अच्छों को पानी पिला देती थी, यहीं से उनकी पहचान बनी थीं। अभाविप सदस्य के रूप में कालेज राजनीति में सक्रिय रही मीनल एक समय लूना की सवारी करती हुई महिला कालेज की छात्राओं की मांग को लेकर हर जगह डटे रहती थीं। छात्र जीवन से जैसे ही राजनीति में कदम रखा लगातार भाजपा महिला मोर्चा में सक्रिय रहीं। जिला की कमान संभालने से लेकर प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व निभा चुकी हैं। मीनल पिछले दो दशक से भाजपा की राजनीति में सक्रिय रही हैं और पार्षद से लेकर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष तक की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। हर चुनाव में अपने वार्ड से भाजपा को काफी बड़े अंतर से लीड दिलाने में भी सफल रहीं। तीन बार की पार्षद रहने के दौरान निवृतमान निगम परिषद में जब भाजपा पार्षद दल की ओर से नेता प्रतिपक्ष थीं. हर मोंचे पर सत्ता पक्ष को घेरने में सफल रहीं। धरना-प्रदर्शन का भी वह बखूबी नेतृत्व करती थीं। बोलने में काफी तेज तर्रार होने से भी सदन में अपनी बात दमदारी से रखती थीं। भले ही भाजपा की राजनीति में उन्हे विधायक राजेश मूणत का समर्थक माना जाता है। लेकिन संगठन को सर्वोपरि मानने वाली मीनल का सभी बड़े नेताओं से बेहतर तालमेल हमेशा रहा है। निर्विवाद छवि व सबको साथ लेकर चलने की कार्यशैली का भी उन्हे फायदा मिला। इसलिए आज रायपुर महापौर की उम्मीद्वार घोषित की गई तो निश्चित तौर पर कह सकते हैं पार्टी ने मीनल चौबे को उनकी लगातार सक्रियता का इनाम दिया है।

# पूर्व महापौर की पत्नी दीप्ति दुबे रायपुर कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी घोषित



**रायपुर (विसं)।** रायपुर के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में देर रात तक मंथन करने के बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है. रायपुर नगर निगम पर पूर्व महापौर और वर्तमान सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को मेयर प्रत्याशी बनाया गया है. अंबिकापुर से अजय तिर्की को एक बार फिर से महापौर पद के लिए उतारा गया है. कांग्रेस ने 10 नगर निगम में मेयर प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है. जगदलपुर सामान्य सीट से मलकीत सिंह गेंदू को महापौर प्रत्याशी बनाया है. चिरमिरी सामान्य सीट से विनय जायसवाल को उतारा है. अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति सीट है. यहां से पूर्व मेयर अजय तिर्की को प्रत्याशी बनाया है. रायगढ़ से जानकी काटजू, कोरबा से उषा तिवारी, बिलासपुर से प्रमोद नायक, धमतरी से विजय गोलछा, दुर्ग से प्रेमलता पोषण साहू और राजनांदगांव नगर निगम पर निखिल द्विवेदी को मेयर प्रत्याशी बनाया है.

# उप-मुख्यमंत्री अरुण साव लोरमी के प्रत्याशियों के सेनापति बन नामांकन रैली में हुए शामिल

## लोरमी की नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब और भाजपा जिंदाबाद की गूंज

## सुजीत की जीत का शंखनाद : अरुण साव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज फव्वारा चौक लोरमी से तहसील कार्यालय तक नगर पालिका अध्यक्ष पद के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री सुजीत वर्मा जी एवं लोरमी के जुझारू पार्षद प्रत्याशियों के साथ विशाल नामांकन रैली में सेनापति के रूप में सम्मिलित हुए द्य श्री साव ने कहा कि, नामांकन रैली में हमारे लोकप्रिय प्रत्याशियों के समर्थन में उमड़ा भारी जनसैलाब एवं भाजपा जिंदाबाद का नारा, सुजीत की जीत का शंखनाद है द्य

श्री साव ने नामांकन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि, इस रैली में जनसैलाब उमड़ा है। आप लोगों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर प्रत्याशियों को प्रचंड जीत का आशीर्वाद प्रदान किया है। ये जनसैलाब बताता है कि पूरा लोरमी नामांकन रैली में शामिल हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपील करते हुए कहा कि, आप नगर वासियों से 18 वार्ड और पालिका अध्यक्ष के रूप में 1 कुल 19 कमल मांग रहा हूं। लोरमी की जनता यहां से 19 कमल जीतकर दे, हम सब मिलकर लोरमी का विकास करेंगे। एक साल में ही लोरमी की तस्वीर बदल गई है। अभी तो शुरुआत हुई है, आगे और बड़े विकास के काम होंगे।

श्री साव ने कहा कि, भाजपा ने एक सामान्य कार्यकर्ता श्री सुजीत वर्मा को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया है। जो लगातार सक्रिय है। वे दो बार के पार्षद हैं, बेदाग छवि है। सज्जन, सरल, सहज, सौम्य छवि के उम्मीदवार हैं। आप सुजीत वर्मा के रूप में शासक नहीं सेवक चुनिए। ऐसे ही 18 पार्षद प्रत्याशी चुनाव के मैदान में उतारे हैं भाजपा ने। आप कमल का बटन दबाएंगे, तो कमल छाप वाले लोरमी के विकास के तेज गति से आगे बढ़ाएंगे।

# कलेक्टर ने पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की कार्यवाही का लिया जायजा

## नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित मास्टर ट्रेनर को नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में बनाए गये पूछताछ कॉउंटर एवं नाम निर्देशन प्रपत्र काउंटर में कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के लिए अलग-अलग वर्गो के लिए निर्धारित शुल्क लेने कहा। इसके साथ ही काउंटर में निर्धारित शुल्क का विवरण चस्पा करने के भी निर्देश दिए।

इसी तरह नाम निर्दशन पत्र जमा करने हेतु अभ्यर्थी प्रवेश के लिए बेरीकेटिंग के पास एरो का निशान चस्पा करने कहा। उन्होंने नाम निर्देशन सहित अन्य कार्यवाही के लिए स्टैण्डर्ड चेक लिस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु सोमवार 27 जानवरी 2025 से नाम निर्देशनपत्र जमा करने की कार्यवाही शुरू हो गई है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# जैन सामाजिक कार्यों को त्वरित गति से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ श्री नागपुर प्रांतीय दिगंबर जैन खंडेलवाल सभा की बैठक संपन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री कुन्थुनाथ जैन सभागृह रायपुर में आज ज़ोन 8 के निवेदन पर श्री नागपुर प्रांतीय दिगंबर जैन खंडेलवाल सभा की मध्यान: 2ः00 बजे प्रबंधकारिणी की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम ज़ोन 8 के संयोजक अरविंद पहाड़िया ने मंचस्थ अतिथियों के परिचय, स्वागत-सत्कार के पश्चात बैठक की प्रस्तावना एवं एजेंडा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभापति मनोज पहाड़िया भिलाई ने विदर्भ, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा रीजन को मिलाकर बनी 127 वर्ष प्राचीन इस सभा के कार्यों को त्वरित गति से आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर जैन पुरातत्व की प्राण प्रण से रक्षा करने का आह्वान किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग के टैलेंट विंग के सदस्य प्रकाश मोदी ने जैन समाज के अल्पसंख्यक हितों की रक्षा का वचन दिया। भारतीय जैन संगठना के प्रांतीय अध्यक्ष विजय गंगवाल ने मेट्रीमोनियल जैसे सामाजिक महत्व के कार्यक्रमों को संगठना के संयुक्त तत्वाधान में संपादित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया। सभा के सह सभापति राजकुमार गंगवाल ने सभा के कार्य विभाजन प्रकोष्ठ के प्रभारीयों को प्रस्ताव के जरिए अधिकार संपन्न करने का सुझाव दिया।

उपस्थित सभासदों ने शिक्षा, आवास, संत विश्राम गृह, वैवाहिकी एवं महिला सहभागिता विषयक मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में सभापति मनोज पहाड़िया, ज़ोन 8 संयोजक अरविंद पहाड़िया, संरक्षक महावीर प्रसाद बाकलीवाल, सलाहकार पारस पापड़ीवाल, सह सभापति राजकुमार गंगवाल, मनीष बड़जात्या, महामंत्री देवेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज सेठी, सहसंयोजक प्रदीप पाटनी एवं मनीष बाकलीवाल, मेरिज बायोडाटा ग्रुप प्रभारी जितेंद्र सेठी, दुर्ग समाज के राकेश छाबड़ा, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका द्वय ललिता पाटोदी एवं पिंकी गंगवाल, दिगंबर जैन महासभा के कैलाश रारा, अल्पसंख्यक आयोग के प्रकाश मोदी, जैन संगठना के विजय गंगवाल, राकेश बाकलीवाल, मनीष पाटनी, अजय गंगवाल, सुमित बाकलीवाल, निकेश गोधा, राकेश गोधा, प्रदीप गंगवाल, अनिल काला, जतिन काला, हार्दिक पाटनी, राजेश रारा, रवि सेठी, सतीश छाबड़ा, अजय पहाड़िया, अनिल बाकलीवाल, दिनेश काला, राहुल गंगवाल, प्रवीण रारा, रीना सेठी, रीना बाकलीवाल, बबीता पहाड़िया एवं रश्मि बाकलीवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अंबिकापुर नगर निगम की लापरवाही का आर टी कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने किया खुलासा

### अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सड़क के किनारे खुलेआम बिना लाइसेंस, बिना जांच के रोज काटे जा रहे मुर्गे, भेड़, बकरे और सुअर

**गोपाल सिंह विद्रोही**

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)। अंबिकापुर के आरटीआई कार्यकर्ता आशीष सिंह ने बताया कि जब हमने यह जानना चाहा की अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शहर के साथ रिंग रोड़ में मुर्गे, भेड़, बकरे और सुअर कसाईयों की कुल कितनी ऐसी दुकान है। जिसमें मांस की विक्रय किया जाता है। दूकानों को लाईसेंस दी गई है। और कितनी बिना लाईसेंस की दुकान है। लाईसेंस बनाने में अनियमितता हुई हो तो संबंन्धित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही के जवाब में नगरनिगम के द्वारा कोई जवाब नही दिया गया !

सरकार ने मांस विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि किसी भी धार्मिक स्थान पर 100 मीटर की दूरी पर मांस की दुकान होनी चाहिए और पशु चिकित्सा अधिकारी काटे जाने वाले जानवर का स्वास्थ प्रमाणपत्र जारी करेंगे। मांस बिकने वाली दुकान कैसी होनी चाहिए, नियम कहते हैं कि दुकान में सही उपकरणों का उपयोग, 5 फीट की ऊंचाई तक टाइल्स लगी होनी चाहिए और पक्का फर्श होना चाहिए। अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !

नगर निगम अंबिकापुर क्षेत्रान्तर्गत शहर के साथ रिंग रोड़ क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्र में बिना लाइसेंस कसाईयों की मांस.मछली की दुकानें रोजाना लगती है अंबिकापुर क्षेत्रान्तर्गत में मांस विक्रेताओं द्वारा खुलेआम नियमों की धज्जी उड़ाई जा रही है अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है!

नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़क के किनारे खुलेआम दुकान लगाई जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई भी व्यक्ति लाइसेंस नहीं है। ऐसे में लाइसेंसी दुकानदारों द्वारा स्वच्छता के मानकों का पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। दुकान के अंदर और बाहर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। स्वास्थ्य के लिए इन दुकानों से मीट खरीदना खतरनाक हो सकता है। बीमार और संक्रमित मांस अवैध दुकानों में बेचा जा रहा है। इसका आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। अम्बिकापुर नगर



निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !

सरकारी आदेशों के बावजूद, नगर निगम ने अंबिकापुर क्षेत्र के रिंग रोड़ क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में वधशाला के स्थानों का चयन नहीं किया है. मांस विक्रेता सड़कों के किनारे मानक के विपरीत दुकान लगाकर मांस काट बेचते हैं और मांस के अवशेषों को नालियों में बहवा देते हैं, जिससे संक्रमित बीमारी फैलने का भय बना रहता है, लेकिन विभाग चुप है। अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !

नगर निगम, पशुपालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग मिलकर मांस दुकान का संचालन करते हैं। किसी अधिकृत बूचड़खाना में किसी जानवर को मार डाला जाता है वध करने से पहले और बाद में मांस खाने योग्य होने की जांच की जाती है। स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग को इसका प्रमाण पत्र देना होगा। नगर निगम, उनकी रिपोर्ट के आधार पर इसे मान्यता देता है। अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के विनियम 2011 (2-1-2 (1) (5)) में मांस विक्रय के लिए लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के नियम और शर्तों को निर्धारित किया है। संबंधित विभागों की एनओसी के साथ-साथ कारोबारी का मेडिकल सर्टिफिकेट सीएमओ, सीएमएस निर्गत करेंगे। मीट की दुकान किसी भी धार्मिक स्थान से 100 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए और पशु चिकित्सा अधिकारी काटे जाने वाले जानवर का स्वास्थ प्रमाणपत्र भरेंगे। नियमों के अनुसार, एक मांस बिकने वाली दुकान में 5 फीट की ऊंचाई तक टाइल्स लगानी चाहिए और पक्का फर्श और सफाई की आवश्यकता होती है। दुकान के अंदर पशु, बकरा, पक्षी, या मुर्गा हो, और गेट पर चिक और काले शीशे का दरवाजा हो, दुकान के अंदर पशु, बकरा, या पक्षी, मुर्गा नहीं काटा जाएगा.दुकान में एक डिप रेफ्रिजरेटर होना अनिवार्य है। इसमें कटा हुआ तैयार मीट रखा जाएगा। मीट को कपड़े में लपेटकर रखना गैरकानूनी है। मीट केवल प्राधिकृत स्लाटर हाउस से ही लेना चाहिए। दुकान में वैंटीलेशन के साथ-साथ एग्जास्ट फैन भी हो। ढक्कन वाले कूड़ेदान भी होने चाहिए। हर दिन गर्म पानी से सभी उपकरण, औजार और दुकान को धोना चाहिए। लेकिन इस मानक से बाहर मांस मछलियों की दुकान खुलेआम चल रही हैं, बिना जांच पड़ताल के बिना बिमार पशुओं का मांस काट रहे हैं।अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया !

लेकिन विभाग मौन हैं.अब देखना यह है कि नगर निगम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश कब लगता है. या इसी तरह लोग दूषित मांस खाने पर विवश रहते हैं. सरकारी नियमों का उल्लंघन करके मांस-मटन की बिक्री करने पर कार्रवाई की जाती है. भारत में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत मांस-मटन की बिक्री के लिए नियम बनाए गए हैं. इन नियमों का उल्लंघन करने पर दुकान मालिक के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जा सकती है. अम्बिकापुर नगर निगम से जब हमने यह जानना चाहा तो कोई जवाब नही दिया गया ।

# गोपाल सिंह को गणतंत्र दिवस पर जिले के अच्छे व्याख्याता के रूप में मंत्री एवं कलेक्टर ने किया सम्मानित

### व्याख्याता ने चार बार राष्ट्रीय और छः बार राज्य स्तर पर विद्यार्थियों को दिलाया उपलब्धि

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं जिले के कलेक्टर एस.जयवर्धन की उपस्थिति में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में पदस्थ रसायन के व्याख्याता गोपाल सिंह को 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक द्वारा अभी तक विज्ञान की विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों को स्वयं के नेतृत्व में चार बार राष्ट्रीय स्तर पर और छ:बार राज्य स्तर पर सम्मानित कराने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया है जो सूरजपुर जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। विदित हो कि शिक्षक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता 2023-24 में छात्र अविनाश सिंह (कक्षा-11वीं), 27वीं बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता 2018-2019 में दीपक कुमार यादव और पीयूष दुबे(कक्षा-10वीं), 28वीं बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता 2019-20 में आयुष साहू और मनीष सारथी(कक्षा-9वीं), प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता 2023-24 में छात्र प्रतीक उपाध्याय (कक्षा-11वीं) का चयन राष्ट्रीय स्तर हो चुका है। इसके साथ ही छ: बार राज्य स्तर में युवा महोत्सव-2024-25 में अविनाश सिंह (कक्षा-11वीं)को विज्ञान मेला के एकल प्रतियोगिता में स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महामहिम राज्यपाल श्री रामन देश द्वारा सम्मानित किया गया। इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता 2020-21 में महेंद्र सिंह (कक्षा-11वीं) और मोहम्मद अयान (कक्षा-9वीं), इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता 2022-23 में अविनाश सिंह और संदीप सिंह (कक्षा -11वीं),बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता 2020-21में छात्र दीपक कुमार यादव और पीयूष दुबे( कक्षा-11वीं) तथा मोहम्मद अयान और आयुष साहू (कक्षा-10वीं), राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2022-23 में छात्र संदीप शर्मा और अमन चिराग (कक्षा-12वीं) तथा शुभम ठाकुर और सोनू ठाकुर (कक्षा-9वीं), राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023-24 में छात्र





प्रिंस ठाकुर और शिवम ठाकुर (कक्षा-9वीं) को राज्य स्तर पर सम्मानित कराया जा चुका है। शिक्षक ने अपने इस उपलब्धि के लिए श्रेय संस्था के प्राचार्य श्री पीसी सोनी को बताया है जो कि हमेशा उनके प्रत्येक शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यालय स्तर पर उनका सहयोग और मोटिवेशन करते हैं। उन्होंने कहा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंहदेव, जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा)शशिकांत सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार जायसवाल, इंस्पायर अवार्ड के प्रभारी संतोष उपाध्याय, अर्थशास्त्र की व्याख्याता निशा सिंह,प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी के अलावा संस्था में पदस्थ समस्त शैक्षणिक स्टाफ का भरपूर योगदान रहा। व्याख्याता गोपाल सिंह को सम्मानित किए जाने पर विद्यार्थियों,शिक्षकों और पालकों ने खुशी का इजहार करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर विश्रामपुर के युवा ग्रुप ने किया रंगारंग आयोजन

### नगर के विद्यालय एवं महाविद्यालय के बच्चों ने अपनी कला का किया प्रदर्शन






**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- गणतंत्र दिवस की शाम को नगर के बीकेवाइजी (बिश्रामपुर के युवा ग्रुप) द्वारा गणतंत्र दिवस का पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें ग्रुप डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। फैंसी ड्रेस में नगर के 35 नन्हे मुन्ने बच्चों ने अनोखी वेशभूषा में दर्शकों का मन मोह लिया ढ्ढ ग्रुप डांस में 5 विद्यालयों और 3 महाविद्यालयों के 90 बच्चों ने भाग लिया ढ्ढ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वी एन सिंह ने कहा कि ऐसा अनोखा आयोजन नगर के लिए सराहनीय है और देशभक्ति से परिपूर्ण है इस कार्यक्रम में युवाओं की पहल सराहनीय है ढ्ढ प्रत्येक प्रतिभागी को प्रेरित करने हेतु पुरस्कार सहित विजेता टीम को भी प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। उक्त अवसर पर केंद्रीय चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा प्रमुख डॉक्टरनिरंजन कुमार, डॉ हर्षवर्धन सिंह सहित भाजपा नेता विजय राज अग्रवाल , विवेक अग्रवाल मोंटी,कांग्रेस नेता अनुपम फिलिप, श्रमिक नेता अजय विश्वकर्मा , श्रमिक नेता सजल मित्रा , डीके सोढ़ी राजेश सिंह,वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह विद्रोही सहित दीपेंद्र सिंह सोनू सिंह राजेंद्र पासवान अखिलेश जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में बीकेवाइजी ग्रुप के अमन कश्यप, मनीष मिश्रा, सोमेन चक्रवर्ती, स्वर्य कुमार, संस्कार सिंह, निखिल विर्क, अमन सिंह, आदित्य सिंह,संदीप यादव,अनुज ठाकुर,आशुतोष शर्मा,आशीष शर्मा, अविनिश सिंह,अंकित सिंह का महत्वपूर्ण योगदान था उल्लेखनीय है कि युवा ग्रुप विश्रामपुर युवा गजल गायक अमन कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व एवं धार्मिक आयोजन पर निशुल्क विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन करता है । संगठन ने इस वर्ष ही दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षत्रिय महासभा भवन में विशाल गरबा का आयोजन कर संस्था ने गजब की लोकप्रियता हासिल की थी।

# अक्षय कुमार-वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

**रायपुर :** नए साल में बॉलीवुड की कई फिल्में रिलीज हुईं, लेकिन जो फिल्म दर्शकों के दिलों पर खास छाप छोड़ने में कामयाब रही, वह है अक्षय कुमार और डेब्यू स्टार वीर पहाड़िया की मुख्य भूमिका वाली 'स्काई फोर्स'। रिपब्लिक डे पर रिलीज़ हुई यह फिल्म न सिर्फ शानदार रिव्यूज बटोर रही है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है।

रिलीज़ के पहले दिन 'स्काई फोर्स' ने 15.30 करोड़ रुपये की कमाई की। शनिवार को फिल्म की कमाई में 80त्न की शानदार बढ़त देखने को मिली और जिससे इसने 26.30 करोड़ रुपये कमाए। रविवार को फिल्म ने 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे कुल कलेक्शन 73.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी फिल्म का प्रदर्शन शानदार रहा, जिससे यह 100 करोड़ कमाने वाली 2025 की पहली हिंदी फिल्म बनने जा रही है। हालिया बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को देखते हुए ये आंकड़े बेहद उत्साहजनक हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'फतेह' ने करीब 13 करोड़ रुपये, 'इमरजेंसी' ने 16 करोड़ रुपये और 'आज़ाद' ने मात्र 7 करोड़ रुपये की कमाई की है। 'स्काई फोर्स' की सांसें थाम देने वाली एरियल एक्शन सीक्वेंसेज़ को दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है।

# नगर पंचायत बिश्रामपुर के भाजपा प्रत्याशी निर्मला यादव गाजे बाजे के साथ नामांकन किया

### हौसला बढ़ाने महिला बाल विकास मंत्री, प्रेम नगर विधायक, पूर्व गृह मंत्री भी पहुंचे

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- आज अपने पार्टी के प्रत्याशियों का नामांकन करने महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत बिश्रामपुर के भाजपा प्रत्याशी निर्मला यादव पति राजेश यादव के साथ पिलखा उप तहसील पहुंचे और नामांकन दाखिल कराया।

जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने सबसे पहले नगर पंचायत विश्रामपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ-साथ सभी 15 वार्ड पार्षदों के प्रत्याशियों को नाम घोषित कर बैटिंग करने का चुनावी मैदान में अपने खिलाड़ियों को उतार दिया। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 मुक्त महिला सुनीता विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 2 आजजा अजीत भगत, वार्ड क्रमांक 3 अजा महिला अर्चना लकड़ा , वार्ड क्रमांक 4 मुक्त प्रकाश कुर्रे ,वार्ड क्रमांक 5 मुक्त विनोद कुमार, वार्ड क्रमांक 6वार्ड क्रमांक 6 मुक्त महिला पूजता दास, वार्ड क्रमांक 7 मुक्त दीपेंद्र सिंह चौहान, वार्ड क्रमांक 8 पिछड़ा वर्ग रेखा विश्वकर्मा ,वार्ड क्रमांक 9 मुक्त अमरेश प्रसाद, वार्ड क्रमांक 10 मुक्त महिला श्रीमती ज्योति सिंह ,वार्ड क्रमांक 11 पिछड़ा मुक्त रवि शंकर बउआ ,वार्ड क्रमांक 12 महिला मुक्त प्रीति दुबे, वार्ड क्रमांक 13 पिछड़ा वर्ग महिला नीलम राजवाड़े ,वार्ड क्रमांक 14 पिछड़ा शकुंतला सोनी ,वार्ड क्रमांक 15 रंजीत यादव को पार्षद प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है । आज छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा, जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली सोनी ,जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, श्याम पांडे सहित मोहनी झा ,राज किशोर चौधरी, रामानंद जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, राज किशोर चौधरी ,सतीश तिवारी, गुड्डू दुबे ,देव धन राम बिछिया, बलू गोयल , विजय राज अग्रवाल, सीती कांत स्वाई,अशोक गुप्ता, अंजू राजवाड़े ,राजेंद्र पासवान ,राजेश पाठक ,सूरज शेट्टी ,गौतम सिंह चौहान, श्री राम पांडे, स्वामी कुमार, रवि शंकर बाबा, हरि नंदन पासवान, समीर सिंह बाबूलाल यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता गाजी बजे के साथ अपने प्रत्याशियों को नामांकन करने पिलखा उप तहसील पहुंचे जहां इन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया ।सर्वप्रथम भाजपा नगर पंचायत के लिए घोषित प्रत्याशी श्रीमती निर्मला यादव आरटीआई स्थित सर्व सिद्धि हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ गौरीशंकर मंदिर तथा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ पिलखानायब तहसील पहुंची और नामांकन किया

इस दौरान प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी, एवं पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट होकर नगर पंचायत बिश्रामपुर में भाजपा सरकार बनाने की एड़ी चोटी से जोर लगाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

# मां मातंगी दिव्य धाम में शुरू हुआ मां बगलामुखी महायज्ञ जो रच दिया इतिहास



**रायपुर:** मां मातंगी दिव्य धाम जी जामगांव में विश्व का पहला मां बगलामुखी यंत्र के आकार का बना हवन कुंड जिसमें 11 हजार किलों लाल मिर्च से किया जा रहा हवन। मां मातंगी दिव्य धाम जो की रायपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर अभनपुर के जी जामगांव में मौजूद है। जहां 27 तारीख से 29 तारीख तक विश्वकल्याण हेतु मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में देश के कोने कोने के साथ साथ विदेशों से भी भक्तगढ़ की उपस्थिति देखने को मिल रही है। मां बगलामुखी का यह विशेष अनुष्ठान शत्रु बाधा, रोग निवारण, उन्नति के लिए किया जा रहा है। इस महायज्ञ कुंड में 11 हजार किलों मिर्ची की आहुति डाली जाएगी। जिसमे पीली सरसों, हल्दी और सुखी लाल मिर्च मुख्य रुप से मां बंगलामुखी के पूजन में उपयोग किया जाता है जिसके बिना मां बंगलामुखी का पूजन, यज्ञ अनुष्ठान अधूरा माना जाता है। यह विशाल महायज्ञ इतिहास रचने जा रहा है जिसके लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड ने अधिकृत प्रेस नोट जारी किया है। मां मातंगी धाम के पीठाधीश्वर प्रेमा साई जी महाराज ने कहा यह अनुष्ठान विश्व कल्याण के लिए किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में शामिल होने मात्र से व्यक्ति की समस्त बाधा दूर होगी और उसका कल्याण होगा।

# सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस25 सीरीज: एआई तकनीक के साथ स्मार्टफोन का नया युग, प्री-ऑर्डर पर पाएं खास ऑफर्स!

**रायपुर।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी नवीनतम गैलेक्सी एस25सीरीज के स्मार्टफोन की प्री-ऑर्डर प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। इसमें गैलेक्सी एस25अल्ट्रा,गैलेक्सी एस25+और गैलेक्सी एस25शामिल हैं। ये स्मार्टफोन सैमसंग की उन्नत एआई तकनीक से लैस हैं और उपयोगकर्ताओं को एक नेचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं।सैमसंग का यह कदम स्मार्टफोन अनुभव को एक नई दिशा में ले जाता है, जो तकनीक और उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के बीच तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण है। गैलेक्सी एस25सीरीज सैमसंग के एआई दृष्टिकोण का पहला कदम है, जहां एआई एजेंट्स और मल्टीमॉडल क्षमताओं को सहज रूप से एकीकृत किया गया है। यह उपयोगकर्ताओं के इंटरैक्शन को नए तरीके से परिभाषित करता है। इस सीरीज में गैलेक्सी चिपसेट के लिए एक अनोखा कस्टमाइज्ड स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया है। यह गैलेक्सी एआई के लिए बेहतर ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग पावर प्रदान करता है और अगली पीढ़ी के प्रोविजुअल इंजन के साथ शानदार कैमरा रेंज और नियंत्रण उपलब्ध कराता है। सैमसंग दक्षिणपश्चिम एशिया के प्रेसिडेंट जेबी पार्क ने गैलेक्सी एस25सीरीज के लॉन्च पर कहा, सैमसंग ने गैलेक्सी एआई के लॉन्च के साथ मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत की थी।

# रॉयल एनफील्ड हंटर 350 की 5 लाख से अधिक मोटरसाईकलें बिकीं

**रायपुर।** मिडसाईज़ मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड की कंपैक्ट और स्टाईलिश रोडस्टर, हंटर 350 की 500,00 से अधिक मोटरसाईकलें बिक चुकी हैं। रॉयल एनफील्ड ने 2022 में अपनी हंटर मोटरसाईकल बाजार में उतारी थी, जिसके बाद यह इसके सबसे ज्यादा बिकने वाले मोटरसाईकल मॉडलों में शामिल हो गई। आज दुनिया में इसके 5 लाख से अधिक संतुष्ट ग्राहक हैं। अर्बन एक्सप्लोरर्स और नए युग के राईडर्स के लिए पेश की गई हंटर 350 रॉयल एनफील्ड के डीएनए के साथ बहुत चुस्त और स्टाईलिश मोटरसाईकल है, जिसके साथ राईडिंग बहुत मजेदार बन जाती है। अपनी कूल स्टाईलिंग, डायनामिक परफॉर्मेंस और आधुनिक रेट्रो चार्म के कारण हंटर 350 आज के युवा राईडर्स की पसंदीदा मोटरसाईकल बन गई है। शहरों की तंग गलियों से गुजरना हो, लोकप्रिय स्थानों की यात्रा करनी हो, या फिर खुली सड़कों पर स्वतंत्र रूप से दौड़ना हो, हंटर 350 अपनी चुस्त और आत्मविश्वास से भरी राईडिंग के कारण युवा राईडर्स की पहली पसंद है। हंटर 350 की बढ़ती लोकप्रियता से भारत और विश्व के विभिन्न बाजारों में इसकी बहुआयामी अपील प्रदर्शित होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लापूर्वक संपन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय गणतंत्र के 76वें गणतंत्र दिवस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर व डेंटल केयर, आमापारा में झंडोत्तोलन का आयोजन स्थानीय पार्षद श्री दीपक जी जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। आयोजन पश्चात दिवस विशेष मिष्ठान्न का आतिथ्य सत्कार लाभ उपस्थित जनों ने लिया। समारोह में विशेष रूप से गौतम गोलछा, नवरतन डागा, पारस खाटे़ड, मधुर बच्छावत, ज्योति बैद, सुमित जैन, पकंज बैद, खेमराज डागा, निकुंज साचला, रिषभ बोथरा, अभय गोलछा, सूर्य प्रकाश बैद, कमल गिड़िया, निर्मल गांधी, जितेन्द्र छाजेड़, अजय यादव, सुषमा साह, प्रिति शर्मा, अर्चना कश्यप, अमृता, वीरेंद्र डागा, कमला गिड़िया, रश्मि डागा, सारिका झाबक, अमित कात्रेला, संदीप बोथरा उपस्थित रहे।

### दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-हजरत निज़ामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में दिनांक 28 जनवरी 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22868 हजरत निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दिनांक 29 जनवरी 2025 को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### जबलपुर-अम्बिकापुर-जबलपुर, रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस एवं चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर में अतिरिक्त स्थायी कोच की सुविधा

**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली निम्न गाड़ियों में अतिरिक्त एसी-3 व स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा 28 जनवरी 2025 से तथा गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस में 29 जनवरी 2025 से।

### गोंडवाना भवन सिविल लाइंस में जय हिंद महोत्सव का आयोजन



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** 76वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को गोंडवाना भवन सिविल लाइंस दुर्ग में देशभक्ति एवं कुछ चुनिंदा गीतों के गुलदस्ते से सजा जयहिंद महोत्सव का आयोजन साईं म्यूजिकल ग्रुप इंडिया दुर्ग के द्वारा किया गया कार्यक्रम मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी थे लेकिन 26 जनवरी के कार्यक्रमों की व्यस्तता के कारण वो उपस्थित नहीं हो सके लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि के द्वारा अपना शुभकामना संदेश प्रेषित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय बोहरा छत्तीसगढ़ पशुधन क्रूरता निवारणसमिति के सदस्य ने किया कार्यक्रम में डॉ मुकुंद साव, रउफ कुरैशी, फिरोज खान, शेख शकील, सुल्तान मिर्ज़ा, ज़ाकिर खोखर थे साईं म्यूजिकल ग्रुप इंडिया दुर्ग ने हमेशा की तरह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों में अपनी सहभागिता रखने वाली महिलाओं और प्रतिभाओं का सम्मान किया जिसमें समाजसेवा, शासकीय, अशासकीय, विभागों में योगदान देने के लिए प्रीति अजय बेहरा, समाजसेवी मेघा कौर, नसीम बेगम, शाहाना कुरैशी, आबदा खान समाजसेवी मेघा कौर शबनम खान शब्बीर खान रायपुर से आए छत्तीसगढ़ के मशहूर मंच संचालक सादिक खान, रायपुर उत्कल समाज के अध्यक्ष समारू नायक, रामपुर के जानेमाने मूर्तिकार पीलू राम साहू, राजनांदगांव के चित्रकार अरविंद प्रजापति संगीत के क्षेत्र में अपने निरंतर योगदान के लिए मशहूर दूरदर्शन कलाकार एवं कव्वाल शारिक अली मन्नी सरोज दुबे परवीन खान गोंडवाना समाज के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर दिलीप ठाकुर अनिल पांडे को सम्मानित किया गया।

## आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी महाराज द्वारा मालगाव में श्री सुहास और उनकी बहन स्मिता केरीमाने जी को पिच्छि प्राप्त



**मालगाव/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** आध्यात्म सरोवर के राजहंस, चर्या शिरोमणी दिगंबर जैन आचार्य भगवन श्री श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ का आज सुबह मालगाव (महाराष्ट्र) नगरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मालगांव कि इतिहास में पहली बार इतना विशाल मुनी संघ आया था। मालगांव के इतिहास में पहली बार 34 मुनीराजोंका एकसाथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मालगांव में सुबह आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जी का प्रवचन संपन्न हुआ। उसके उपरांत आहार चर्या संपन्न हुयी।

चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी एवं विचित्र बाते प्रणेता मुनी श्री सर्वार्थसागर महाराज जी के परम भक्त मालगांव निवासी श्री सुहास केरीमाने जी ने बताया कि 27 जनवरी 2025 को मालगांव में प.पू.चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन श्री 108 विशुद्ध सागरजी महाराज, श्रुत संवेगी श्रमण श्री सुव्रत सागर जी महाराज, तपशिरोमणी प.पू. 108 अनुत्तर सागर जी महाराज, मुनी श्री यशोधर सागर महाराज जी, मुनी श्री सौम्य सागर जी महाराज, श्री सिद्धसागर महाराज आदी 32 मुनी महाराज जी सहित आचार्य श्री 108 चंद्रप्रभू सागर महाराज (चंदाबाबा ) एवं प.पू. मुनी श्री 108 सरल सागर महाराज जी ऐसे एकसाथ 34 मुनी महाराज जी पुण्यनगरी मालगांव में सोमवार दिनांक -27 जनवरी 2025 को आगमन हुआ। 26 जनवरी 2025 को जयसिंगपूर में सुबह गणतंत्र दिवस पर प्रवचन संपन्न हुआ। आहारचर्या के उपरांत जयसिंगपूर से मिरज विहार हुआ और रात्री मिरज में विश्राम हुआ। सोमवार दिनांक - 27 जनवरी 2025 कि सुबह मिरज से मालगांव कि ओर विहार हुआ।

